**15वें वित्त आयोग एवं अवस्थापना निधि के अन्तर्गत मा0 महापौर महोदय की अध्यक्षता में गठित समिति की बैठक दिनांक 04.06.2021, अपरान्ह् 03:00 बजे, स्थान नगर निगम कार्यकारिणी में उपस्थिति :–**

**समिति :–**

1. श्री नवीन जैन, मा0 महापौर।
2. श्री प्रभु नरायन सिंह, जिलाधिकारी, आगरा।
3. श्री निखिल टीकाराम फुंडे, नगर आयुक्त।
4. श्री राजेन्द्र पेंसिया, उपाध्यक्ष, आगरा विकास प्राधिकरण।
5. श्री जे0पी0 सिंह, अधिशासी अभियन्ता,

**अन्य उपस्थिति :–**

6. श्री के0बी0 सिंह, अपर नगर आयुक्त, नगर निगम, आगरा।
7. श्री विनोद कुमार गुप्ता, अपर नगर आयुक्त, नगर निगम, आगरा।
8. श्री बी0एल0 गुप्ता, मुख्य अभियन्ता, नगर निगम, आगरा।
9. श्री संजय कटियार, मुख्य अभियन्ता (वि0/या), नगर निगम, आगरा।
10. श्री आर0एस0 यादव, महाप्रबन्धक, जलकल विभाग, आगरा।
11. श्री पवन कुमार, मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी, नगर निगम, आगरा।
12. श्री महेश कुमार, परियोजना प्रबन्धक, वर्ल्ड बैंक इकाई, उ0प्र0 जल निगम, आगरा।
13. श्री रविन्द्र कुमार सिंह, अधिशासी अभियन्ता, नगर निगम, आगरा।
14. श्री आशीष शुक्ला, अधिशासी अभियन्ता, नगर निगम, आगरा।
15. श्री अजीत कुमार, अधिशासी अभियन्ता, नगर निगम, आगरा।
16. श्री एस0पी0 शिशौदिया, उद्यान निदेशक, नगर निगम, आगरा।
17. श्री शैलेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, जलकल विभाग, आगरा।
18. श्री वी0बी0 सिंह, अधिशासी अभियन्ता, जलकल विभाग, आगरा।
19. श्री अनुप सूद, अवर अभियन्ता, जलकल विभाग, आगरा।

मा0 अध्यक्ष/महापौर महोदय की अनुमति से बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ करते हुए नगर आयुक्त द्वारा अवगत कराया गया कि निदेशक, स्थानीय निकाय, उ0प्र0, सेक्टर–7, गोमती नगर विस्तार, लखनऊ के पत्रांक 8/3085/320/15वां वि0आ0/2020–21, दिनांक 12.11.2020 के द्वारा वित्त आयोग की संस्तुतियों के अन्तर्गत प्रदेश की नगरीय निकायों (Million Plus Cities) हेतु वर्ष 2020–21 के लिये संस्तुत अनुदान की प्रथम किश्त (SWM/Sanitation के लिये) के रूप में भी नगर निगम, आगरा को धनराशि रु. 45.00 करोड़ एवं उप सचिव, नगर विकास अनुभाग–9, उ0प्र0 शासन, लखनऊ के पत्रांक 863/नौ–9–2020–47ज/13, दिनांक 30.03.2021 के द्वारा 15वें वित्त आयोग की संस्तुतियों के अन्तर्गत प्रदेश की नगरीय निकायों (Million Plus Cities) हेतु वर्ष 2020–21 के लिये संस्तुत अनुदान की द्वितीय किश्त (SWM/Sanitation के लिये) के रूप में भी नगर निगम, आगरा को धनराशि रु. 45.00 करोड़, **इस प्रकार कुल धनराशि रु. 90.00 करोड़** अवमुक्त की गयी जिसका उपयोग Improving conservation, Supply and Management of Water efficient solid waste management measures एवं निदेशक, नगरीय प्रशिक्षण एवं शोध केन्द्र व स्थानीय निकाय निदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ के पत्रांक 10/126/320(A)/15वां CFC/2020, दिनांक 17 दिसम्बर, 2020 के द्वारा 15वें वित्त आयोग की संस्तुतियों के अन्तर्गत अवमुक्त धनराशि का उपयोग Department of Expenditure (Finance Commission Division), वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के कार्यालय ज्ञाप संख्या– 15(2)FC-XV/FCD/2020-25 दिनांक 01.6.2020 द्वारा निर्गत ऑपरेशनल गाइडलाइन के प्राविधानों एवं पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार (MoEF&CC) द्वारा समय–समय पर की गयी संस्तुतियों/15वें वित्त आयोग के Annexure-



Scanned with CamScanner

5.6 द्वारा निर्धारित मापदण्डों तथा इसी क्रम में संयुक्त सचिव, भारत सरकार आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के अर्द्धशासकीय पत्र संख्या– N-1125-01/2018-AMRUT-IIB दिनांक 04 अगस्त 2020 में दिये गये दिशा–निर्देशों के अनुसार अनुमन्य होगा।

उपरोक्तानुसार प्राप्त धनराशि के सापेक्ष केन्द्रीय वित्त आयोग के अन्तर्गत मा0 महापौर महोदय की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा परिचालन पद्धति से दिनांक 13.04.2021 को सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट ग्रांट के अन्तर्गत रु. 1554.00 लाख की स्वीकृति प्रदान की गयी है, जिसके उपरान्त शासन से प्राप्त धनराशि के सापेक्ष अवशेष धनराशि रु. 7446.00 लाख बचती है। अवशेष धनराशि रु. 7446.00 लाख के अन्तर्गत शासनादेश में दिये गये दिशा–निर्देशानुसार प्रस्ताव तैयार किये गये हैं, जिनका विवरण निम्नानुसार है :–

| क्र. सं. | प्रस्ताव का विवरण | धनराशि (रु. लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | ताजमहल के आस–पास 02 किलोमीटर की परिधि में डोर–टू–डोर कलैक्शन, मैकेनाइज्ड स्वीपिंग, मैनुअल स्वीपिंग, यूरिनल्स आदि की सफाई। | 98.38 |
| 2 | शहर में डोर–टू–डोर कलैक्शन, मैकेनाइज्ड स्वीपिंग, मैनुअल स्वीपिंग, यूरिनल्स आदि की सफाई का कार्य। | 3000.00 |
| 3 | डोर टू डोर कलैक्शन का सैग्रीगेटिड वेस्ट जनता से कराये जाने को बढ़ावा देने के लिए IEC Activities, NGO or Professional Team से कराये जाने का कार्य। | 53.28 |
| 4 | 20 टी.पी.डी., 05 टी.पी.डी., 02 टी.पी.डी., 01 टी.पी.डी. | 200.00 |
| 5 | (a) 01 Nos सैनेटरी लैण्डफिल साइट का निर्माण कार्य<br>(b) 01 Nos S.L.F का सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंन्ट रूल्स 2016/माननीय एन.जी.टी. के आदेशों का अनुपालन कडाई से सुनिशिचित कराया जाना है। Rehabilitation का कार्य | 600.00 |
| 6 | 02 Nos S.L.F से उत्पन्न लीचेट ट्रीटमैट हेतु E.T.P. का निमार्ण कार्य। | 18.19 |
| 7 | 67 नालों का बायोरेमेडियेशन एवं फाइटोरेमेडियेशन | 95.00 |
| 8 | कन्स्ट्रक्शन एण्ड डैमूलेशन वेस्ट के कलैक्शन एण्ड ट्रांसपोर्टेशन का कार्य। | 170.00 |
| 9 | अन्डरग्राउण्ड बिन्स, ट्रांसफर स्टेशन, कम्पोस्ट प्लांट एवं रोड स्वीपिंग का कार्य। | 530.00 |
| 10 | आगरा शहर के अन्तर्गत सार्वजनिक शौचालयों में पानी की व्यवस्था एवं संचालन का कार्य। | 150.00 |
| | **योग** | **4914.85** |

उपरोक्तानुसार क्रमांक–1 पर अंकित कार्य के सम्बन्ध में नगर आयुक्त द्वारा अवगत कराया गया कि ताजमहल की 02 किलोमीटर की परिधि में कचरा प्रबन्धन की व्यवस्था को विश्व स्तर की बनाये जाने के दृष्टिगत आउटसोर्सिंग पद्धति से आर.एफ.पी./निविदा आमंत्रित कर एजेन्सी का चयन करते हुए, अनुमानित लागत वार्षिक 491.90 लाख होगी, जिसमें 20 प्रतिशत धनराशि नगर निगम आगरा को 98.00 लाख वहन की जानी है। प्रस्ताव औचित्यपूर्ण पाया गया गया, जिसकी स्वीकृति समिति द्वारा प्रदान की गयी।

क्रमांक–2 पर अंकित कार्य के सम्बन्ध में नगर आयुक्त द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान समय में नगर निगम आगरा द्वारा सॉलिड वेस्ट के ट्रांसपोर्टेशन का कार्य किया जा रहा है, जिस पर डीजल, वाहनों की मरम्मत, आउटसोर्स ड्राइवर का वेतन इत्यादि पर लगभग रु. 30.00 करोड़ से रू. 32 करोड़ वार्षिक रूप से व्यय किया जा रहा है। इस प्रकार प्रतिमाह उत्पन्न होने वाले कचरे के उठान एवं ट्रांसपोर्टेशन पर रु. 1185.00 प्रतिटन व्यय किया जा रहा है। उक्त को दृष्टिगत रखते हुए टिपिंग फीस के रूप में आउटसोर्सिंग पद्धति पर आर.एफ.पी./निविदा के माध्यम से आपरेटर निर्धारित करते हुए धनराशि का उपभोग किया जायेगा। प्रस्ताव औचित्यपूर्ण पाया गया गया, जिसकी स्वीकृति समिति द्वारा प्रदान की गयी।

क्रमांक–3 पर अंकित कार्य के सम्बन्ध में नगर आयुक्त द्वारा अवगत कराया गया कि ताजमहल की 02 किलोमीटर की परिधि में कचरा प्रबन्धन, डोर–टू–डोर कलैक्शन में कचरा सोर्स पर ही



Scanned with CamScanner

सैग्रीगेटिड किए जाने हेतु जनता को जागरूक किये जाने के दृष्टिगत IEC Activities, NGO or Professional Team से कराये जाने के कार्य को दृष्टिगत आउटसोर्सिंग पद्धति से आर.एफ.पी./निविदा आमंत्रित कर एजेन्सी का चयन किया जायेगा। उक्त कार्य पर अनुमानित लागत वार्षिक रु. 53.00 लाख होगी। वर्तमान में छः वार्डों में आई0ई0सी0 एक्टीविटी का कार्य कराया जा रहा है। प्रस्ताव औचित्यपूर्ण पाया गया गया, जिसकी स्वीकृति समिति द्वारा प्रदान की गयी।

क्रमांक–4 पर अंकित कार्य के सम्बन्ध में नगर आयुक्त द्वारा अवगत कराया गया कि माननीय एन.जी.टी. के निर्देशो के क्रम में डी सेन्ट्रलाइज्ड वेस्ट प्रोसेसिंग की पद्धति के अनुसार 20टी.पी.डी., 05 टी.पी.डी., 02टी.पी.डी, 01 टी.पी.डी. प्लांट/मशीनों के आपरेशन एण्ड मैन्टीनेन्स का कार्य नगर निगम द्वारा किया जा रहा है, जिसपर राज्य वित्त आयोग/नगर निगम निधि से व्यय किया जाता है। आउटसोर्सिंग पद्धति से आर.एफ.पी./निविदा आमंत्रित कर एजेन्सी का चयन करते हुए प्लांट/मशीनों के आपरेशन एण्ड मैन्टीनेन्स पर आने वाला व्यय 15वें वित्त आयोग के अन्तर्गत प्रस्तावित किया गया है। प्रस्ताव औचित्यपूर्ण पाया गया गया, जिसकी स्वीकृति समिति द्वारा प्रदान की गयी।

क्रमांक–5 पर अंकित कार्य के सम्बन्ध में नगर आयुक्त द्वारा अवगत कराया गया कि ठोस अपशिष्ठ प्रबन्धन प्रोसेसिंग के दौरान रिजेक्टस/इन्रट (10 प्रतिशत अधिकतम) के सुरक्षित निस्ताण हेतु 02 नग सैनेटरी लैण्डफिल साइट (S.L.F) का निर्माण कार्य किया जाना तथा 01 नग मौजूद S.L.F जो अनप्रोसिसड कचरे से भरी है उसे एक्सपर्ट की सलाह पर खाली कराकर Rehabilitate किया जाना सॉलिड वेस्ट रूल्स 2016 एवम् माननीय एन.जी.टी. के निर्देशों के क्रम में अतिआवश्यक है। प्रस्ताव औचित्यपूर्ण पाया गया गया, जिसकी स्वीकृति समिति द्वारा प्रदान की गयी।

बैठक में चर्चा के उपरान्त निर्णय लिया गया कि पूर्व से मौजूद 01 नग S.L.F जो अनप्रोसिसड कचरे से भरी है उसे एक्सपर्ट की सलाह पर खाली कराकर Rehabilitate किये जाने एवं 01 नग सैनेटरी लैण्डफिल साइट (S.L.F) का निर्माण कार्य कराया जाये। कार्य उपयोगी होने के उपरान्त 01 नग सैनेटरी लैण्डफिल साइट का प्रस्ताव आगामी बैठक में प्रस्तावित किया जाये। मा0 अध्यक्ष/महापौर द्वारा यह भी निर्देशित किया गया गया कि उन्हें पूर्व में बनी हुई लैण्डफिल साइट को खाली कराये जाने के दौरान निरीक्षण भी कराया जाये। तदानुसार प्रस्ताव संशोधित करते हुए स्वीकृति प्रदान की गयी।

क्रमांक–6 पर अंकित कार्य के सम्बन्ध में नगर आयुक्त द्वारा अवगत कराया गया कि क्रमांक–5 से सम्बन्धित कार्य है, जिसके अन्तर्गत सैनेटरी लैण्डफिल साइट से उत्पन्न होने वाले लीचेट के ट्रीटमैन्ट हेतु एफलूएन्ट ट्रीटमैन्ट प्लांट का निर्माण कराया जाना है। तदानुसार 02 नग एस0एल0एफ0 से उत्पन्न लीचेट ट्रीटमेंट हेतु ई0टी0पी0 का निर्माण कराये जाने की स्वीकृति समिति द्वारा प्रदान की गयी।

क्रमांक–7 पर अंकित कार्य के सम्बन्ध में नगर आयुक्त द्वारा अवगत कराया गया कि शहर में कुल 90 नाले है, जिनमें से 29 नाले टैप्ड हैं, शेष 61 नाले सीधे यमुना में मिल रहे है तथा 06 नाले जो यमुना किनारा रोड पर है। उनका ओवर फ्लो डिस्चार्ज भी यमुना में सीधे जा रहा है। माननीय एन.जी.टी. के आदेशों के अनुपालन में सभी 67 ड्रेन का डिस्चार्ज शोधित करने के उपरान्त ही यमुना में छोड़ा जा रहा है। इसके लिए बायोरेमेडियेशन एवं फाइटोरेमेडियेशन पद्धति का उपयोग कर दूषित जल का शोधन किया जाना है। इस हेतु आउटसोर्सिंग पद्धति से आर.एफ.पी./निविदा आमंत्रित कर एजेन्सी का चयन किया जायेगा। उक्त कार्य पर वार्षिक व्यय रु. 95.00 लाख आना सम्भावित है। प्रस्ताव औचित्यपूर्ण पाया गया गया, जिसकी स्वीकृति समिति द्वारा प्रदान की गयी।

क्रमांक–8 पर अंकित कार्य के सम्बन्ध में नगर आयुक्त द्वारा अवगत कराया गया कि आगरा शहर में प्रतिदिन 150 टन सी.एण्ड.डी. वेस्ट उत्पन्न होता है, जिसके कलैक्शन हेतु 12 कलैक्शन पाइन्ट शहर के विभिन्न भागों में चिन्हित करते हुए प्रतिदिन सी0एण्ड0डी0 वेस्ट उठान किये जाने तथा आपरेशन के कार्य किया जाता है। उक्त कार्य हेतु आउटसोर्सिंग पद्धति से आर.एफ.पी./निविदा आमंत्रित कर एजेन्सी का चयन किया जायेगा, जिसपर वार्षिक रु. 170.00 लाख का व्यय आना सम्भावित है। प्रस्ताव औचित्यपूर्ण पाया गया गया, जिसकी स्वीकृति समिति द्वारा प्रदान की गयी।



Scanned with CamScanner

क्रमांक–9 पर अंकित कार्य के सम्बन्ध में नगर आयुक्त द्वारा अवगत कराया गया कि आगरा शहर में 20 अन्डरग्राउण्ड बिन्स की सफाई पर रु. 5.32 लाख मासिक, 03 कूड़े के ट्रांसफर स्टेशन पर रु. 16.00 लाख मासिक, 01 कूड़ा ट्रांसफर बनकर तैयार है, जिसपर रु. 10.00 लाख मासिक, कम्पोस्ट प्लांट पर रु. 9.70 लाख मासिक तथा स्वीपिंग मशीन पर रु. 2.64 लाख मासिक का व्यय आता है। इस प्रकार उक्त कार्यों पर रु. 44.00 लाख मासिक एवं रु. 530.00 लाख वार्षिक व्यय आता है। उक्त कार्यों पर आना वाला व्यय 15वें वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि के सापेक्ष प्रस्तावित किया गया है। प्रस्ताव औचित्यपूर्ण पाया गया गया, जिसकी स्वीकृति समिति द्वारा प्रदान की गयी।

क्रमांक–10 पर अंकित कार्य के सम्बन्ध में नगर आयुक्त द्वारा अवगत कराया गया कि 15वें वित्त आयोग की गाइडलाइंस के अनुसार ट्रायलेट वाटर सप्लाई निरंतर रहे, इस हेतु भी धनराशि का उपभोग किया जाना है। उक्त के दृष्टिगत शहर के अन्तर्गत लगभग 150 सार्वजनिक शौचालयों में पानी की व्यवस्था एवं संचालन का कार्य नगर निगम द्वारा आउटसोर्सिंग एजेंसी के माध्यम से कराया जाता है, जिसपर नगर निगम द्वारा लगभग रु. 12.00 लाख मासिक का व्यय आता है। उक्त धनराशि पर आने वाले व्यय 15वें वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि के सापेक्ष प्रस्तावित किया गया है। प्रस्ताव औचित्यपूर्ण पाया गया गया, जिसकी स्वीकृति समिति द्वारा प्रदान की गयी।

मा0 अध्यक्ष/महापौर महोदय द्वारा एजेंसियों को दिये गये शौचालयों की समय–समय पर जांच किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। यह भी निर्देशित किया गया कि कोई शौचालय बंद न रहे। उक्त के अतिरिक्त पूर्व में नगर निगम द्वारा कई स्थानों पर मूत्रालय बनवाये गये थे, जिनपर पानी आदि की व्यवस्था नहीं की गयी है। निरीक्षण करते हुए उक्त मूत्रालयों पर पानी आदि की व्यवस्था भी करायी जाये।

उपरोक्तानुसार सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट/लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट/ट्रायलेट वाटर सप्लाई एण्ड मैनटेनेंस के अन्तर्गत कुल धनराशि रु. 4914.85 लाख की स्वीकृति प्रदान की गयी।

**अमृत योजना के अन्तर्गत निकायांश की स्वीकृति प्रदान करते हुए शासन को धनराशि अवमुक्त किया जाना :–**

| क्र. सं. | कुल निकायांश (रु. लाख में) | अवमुक्त निकायांश (रु. लाख में) | शेष निकायांश (रु. लाख में) | वर्तमान स्वीकृति हेतु प्रस्तावित निकायांश (रु. लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 6101.32 | 4629.58 | 1471.74 | 1000.00 |

नगर आयुक्त द्वारा अवगत कराया गया कि 14वें वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि के अन्तर्गत अमृत योजना हेतु निकायांश के रूप में रु. 6101.32 लाख की धनराशि अवमुक्त की जानी थी। परन्तु मात्र रु. 4629.58 लाख ही अवमुक्त की गयी है। रु. 1471.74 लाख अवमुक्त किया जाना शेष है। शासन द्वारा धनराशि अवमुक्त किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। वर्तमान में निकायांश की धनराशि बढ़ चुकी है। परन्तु अभी 14वें वित्त आयोग से निकायांश के रूप में दी जाने वाली शेष निकायांश रु. 1471.74 लाख के सापेक्ष रु. 1000.00 लाख अवमुक्त किये जाने हेतु प्रस्तावित की गयी है। उक्त धनराशि की स्वीकृति के उपरान्त भी रु. 471.74 लाख अवमुक्त किया जाना शेष रह जायेगा।

समिति द्वारा अमृत योजना हेतु निकायांश के रूप रु. 1000.00 लाख अवमुक्त किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी।



Scanned with CamScanner

**जलापूर्ति व्यवस्था एवं सीवर व्यवस्था के अन्तर्गत प्रस्तावित कार्यों का विवरण :–**

| क्र.सं. | कार्य / आपूर्ति का विवरण | मात्रा | अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 4500 लीटर क्षमता के डबल लेयर स्टेनलेश स्टील ट्राली माउन्टेड, फोर व्हील ड्राईव टैंकरों की आपूर्ति का कार्य, निम्न स्पेशीफिकेशन के अनुरूप–<br>1- Internal Wall 3mm Thick Stainless Steel,<br>2- Insulated Thermocool Layers 1.5" Outer Wall,<br>3- Outer Wall Stainless Steel Sheet 1 mm elliptical in shape,<br>4- 450 mm size manhole with Hinged Covered and Locking Arrengements,<br>5- Internal Partitions Shall be 3.5 mm Thick S.S. Sheet reinforced by 35x35x5 mm thick angles,<br>6- Ladders made of 16 SWG conduit S.S. Pipe,<br>7- Axle 75x75 mm & Hub with 08 No. Nut Bolt. | 10 नग | 67.50 |
| 2 | नरायच स्थित कान्हा उपवन गौशाला के लिए–<br>I– 37 एच.पी. डीजल ट्रैक्टर की आपूर्ति का कार्य, निम्न स्पेशीफिकेशन के अनुसार–<br>1- Ingine BHP@RPM 45,<br>2- Ingine Tark@RPM 171.6<br>3- PTO@RPM 41.2<br>4- Fuel Tank Capacity 60 Ltr.<br>5- Length of Tractor Body 32.80 mm<br>6- Width of Tractor Body 1720 mm<br>7- Ground Clearance 362 mm<br>8- Size of front Tyre with ply rating 6X16 (8PR)<br>9- Size of Rear Tyre with ply rating 13.6X28 (12PR) | 01 नग | 5.00 |
| | II– 4500 लीटर क्षमता के डबल लेयर स्टेनलेश स्टील ट्राली माउन्टेड टैंकरों की आपूर्ति का कार्य, निम्न स्पेशीफिकेशन के अनुरूप–<br>1- Internal Wall 3mm Thick Stainless Steel,<br>2- Insulated Thermocool Layers 1.5" Outer Wall,<br>3- Outer Wall Stainless Steel Sheet 1 mm elliptical in shape,<br>4- 450 mm size manhole with Hinged Covered and Locking Arrengements,<br>5- Internal Partitions Shall be 3.5 mm Thick S.S. Sheet reinforced by 35x35x5 mm thick angles,<br>6- Ladders made of 16 SWG conduit S.S. Pipe,<br>7- Axle 75x75 mm & Hub with 08 No. Nut Bolt. | 02 नग | 13.50 |
| 3 | वार्ड–39 के अन्तर्गत नौलक्खा जोनल पम्पिंग स्टेशन से कुशवाह कुंज नामनेर तक 160 एम.एम. पाइप लाइन बिछाने का कार्य। | 1620 मीटर | 20.04 |
| 4 | लॉयर्स कालौनी एवं निर्भय नगर उच्च जलाशय से संयोजित निकटस्थ क्षेत्रों से पेयजल आपूर्ति का कार्य। | -- | 289.42 |
| 5 | सर्किट हाउस, आयुक्त कार्यालय एवं आवास में गंगाजल आपूर्ति का कार्य। | | 334.42 |
| 6 | आवास विकास सेक्टर–16 में 250 एम.एम. डी.आई. पाइप लाइन बिछाने का कार्य। | 2000 मीटर | 129.49 |
| 7 | कामायनी हास्पीटल के सामने भावना स्टेट वाली रोड पर 300 एम.एम. डी.आई. पाइप लाइन बिछाने का कार्य। | 1600 मीटर | 72.57 |



Scanned with CamScanner

| क्र.सं. | कार्य / आपूर्ति का विवरण | मात्रा | अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 8 | भावना स्टेट से गनपति अपार्टमेन्ट के आस–पास की कॉलोनी में 200 एम.एम. डी.आई. पाइप लाइन बिछाने का कार्य। | 1150 मीटर | 39.49 |
| 9 | हलवाई की बगीची जोनल पम्पिंग स्टेशन को भरने वाली 1200 एम. एम. से निकली 600 एम.एम. डी.आई. पाइप लाइन में स्लूस वाल्व लगाने का कार्य, | 01 जॉब | 10.50 |
| 10 | नाऊ की सराय स्थित त्वरित राहत नलकूप योजना के अन्तर्गत निर्मित 16 नग नलकूपों में से 02 नग नलकूप नं0–7 एवं नलकूप नं0–9 के रिबोरिंग का कार्य। | 02 जॉब | 28.56 |
| 11 | वार्ड–92, बजीरपुरा गिहारा बस्ती में चौधरी राधारमन के भवन संख्या–23/341 से 23/348 बबुआ के मकान तक और भ0सं0–23/316 अब्दुला के मकान से 23/324 मुस्ताक के घर तक गली में पानी की 100एम.एम. डाया पी0वी0सी0 पाइप लाइन डालने का कार्य। | 195 मीटर | 2.65 |
| 12 | वार्ड–68 टीला कालीबाड़ी जादूगर वाली गली में 200एम.एम. डाया आर.सी.सी. सीवर लाइन डालने का कार्य। | 180 मीटर | 6.14 |
| 13 | वार्ड–68 कटरा मदारी खॉ पतली गली और शिवम वाटिका वाली गली मकान सं0–15/380 में 200एम.एम. डाया आर.सी.सी. सीवर लाइन डालने का कार्य। | 180 मीटर | 6.42 |
| 14 | वार्ड–68 मोती कटरा ब्रजभोग कॉर्नर लाल दरवाजा गली से पीर बाबा दरगाह तक 200एम.एम. डाया आर.सी.सी. सीवर लाइन डालने का कार्य। | 140 मीटर | 5.30 |
| 15 | टोरेन्ट पॉवर ऑफिस रामरघु हॉस्पीटल एम.जी. रोड से बच्चूमल की कोठी तक 110एम.एम. पी.वी.सी. पाइप लाइन डालने का कार्य। | 380 मीटर | 9.94 |
| 16 | हरीपर्वत वार्ड–94 बाग फरजाना में नवल किशोर हॉस्पीटल चौराहा पर ट्रेन्चलेस तकनीक से 400एम.एम. डाया सीवर लाईन जाडने का कार्य। | 65 मीटर | 18.79 |
| 17 | एस.एन. मेडीकल कॉलेज में नई बिल्डिंग से लेकर रोड के मोड़ के पास तक 450एम.एम. 130 मीटर सीवर लाइन डालने का कार्य। | 130 मीटर | 10.00 |
| 18 | एस.एन. मेडीकल कॉलेज में रोड के मोड़ से पीपल गेट टॉयलेट तक 450एम.एम. 120 मीटर सीर लाइन डालने का कार्य। | 120 मीटर | 9.79 |
| 19 | म0नं0–36/2/11बी से 36/1 मोहन पुरा में कोमलेन्द्र दीक्षित के पास 250एम.एम. डाया सीवर लाइन डालने का कार्य। | 75 मीटर | 3.87 |
| 20 | फूल वाटिका कमला नगर श्रीमती सुनीता अग्रवाल के निवास तक 350एम.एम. डाया सीवर लाइन डालने का कार्य। | 300 मीटर | 17.09 |
| 21 | नगर निगम सीमा क्षेत्र के अन्तर्गत प्रत्येक पार्षद के वार्ड में आवश्यकतानुसार सीवर एवं पेयजल पाइप लाइन का कार्य। | —— | 700.00 |
| | | **योग–** | **1804.48** |

उपरोक्तानुसार जलापूर्ति व्यवस्था एवं सीवरेज व्यवस्था के अन्तर्गत प्रस्तावित कार्यों में क्रमांक–1 पर अंकित कार्य के सम्बन्ध में महाप्रबन्धक, जलकल विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में आगरा शहर में जलापूर्ति व्यवस्था हेतु समस्याग्रस्त क्षेत्रों एवं पाइप लाइन रहित क्षेत्रों में टैंकर के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराये जाने हेतु अतिरिक्त टैंकर की आवश्यकता है। उक्त के अतिरिक्त वी0आई0पी0 कार्यक्रम एवं अन्य सार्वजनिक समारोहों में पेयजल हेतु भी टेंकर की आवश्यकता पड़ती है। वर्तमान में जलकल विभाग में 25 टैंकर उपलब्ध हैं जो पर्याप्त नहीं है। अतः न्यूनतम 10 नग टैंकर प्रस्तावित किये गये हैं।



Scanned with CamScanner

मा0 अध्यक्ष/महापौर महोदय द्वारा प्रस्तावित टैंकर की दर के सम्बन्ध में जानकारी मांगी गयी। महाप्रबन्धक, जलकल विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि बाजार से कोटेशन प्राप्त करते हुए न्यूनतम दरों के आधार पर आगणन तैयार किये गये हैं। न्यूनतम दरों के आधार पर ई–निविदा आमंत्रित की जायेगी। जिलाधिकारी द्वारा महाप्रबन्धक, जलकल विभाग को निर्देशित किया गया कि जलकल विभाग में पूर्व में निष्प्रोयज्य टैंकरों को आवश्यक रूप से डिस्पोज भी कराया जाये।

तदानुसार समिति द्वारा क्रमांक–1 पर अंकित कार्य की स्वीकृति प्रदान की गयी।

क्रमांक–2 पर अंकित कार्य के सम्बन्ध में महाप्रबन्धक, जलकल विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार कान्हा उपवन गौशाला में पेयजल की व्यवस्था की जाये। परन्तु वहां विभाग की पाइप लाइन जहां से पानी मिल सकता है, लगभग 8 कि.मी. दूर है। पेयजल पाइप न होने के कारण पेयजल का एक मात्र विकल्प टेंकरों से आपूर्ति किया जाना है, इस कार्य हेतु 02 नग टैंकर एवं 01 नग ट्रेक्टर की आवश्यकता है, इसका संचालन व्यय अन्य निधि से किया जाना प्रस्तावित है।

नगर आयुक्त द्वारा अवगत कराया गया कि कान्हा गौशाला पर पानी की व्यवस्था सुदृढ़ की जानी है, परन्तु विभाग की पानी की पाइप लाइन काफी दूरी पर है, जिसके कारण व्यय अधिक आता है। उक्त के दृष्टिगत 02 नग टैंकर एवं 01 नग ट्रेक्टर से पानी की व्यवस्था किया जाना प्रस्तावित किया गया है। प्रस्ताव औचित्यपूर्ण पाया गया गया, जिसकी स्वीकृति समिति द्वारा प्रदान की गयी।

क्रमांक–3, 6, 7, 8, 9, 10, 11 एवं 15 पर अंकित कार्यों के सम्बन्ध में महाप्रबन्धक, जलकल विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि जलापूर्ति व्यवस्था के दृष्टिगत उक्त कार्य प्रस्तावित किये गये हैं। आगरा शहर में ऐसे कई क्षेत्र हैं, जहां छोटी–छोटी लाईन डाले जाने एवं रिबोर आदि का कार्य कराये जाने पर पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा सकता है एवं कई क्षेत्रों की पेयजल समस्या दूर हो जायेगी। समिति द्वारा सम्यक विचारोपरान्त कार्यों की स्वीकृति प्रदान की गयी।

क्रमांक–12, 13, 14, 16, 17, 18, 19 एवं 20 पर अंकित कार्यों के सम्बन्ध में महाप्रबन्धक, जलकल विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि शहर में कई क्षेत्रों मे सीवर समस्या के दृष्टिगत उक्त कार्य प्रस्तावित किये गये है। उक्त सीवर लाइन के कार्य कराये जाने से क्षेत्रों में सीवर समस्या का निदान हो जायेगा। समिति द्वारा सम्यक विचारोपरान्त कार्यों की स्वीकृति प्रदान की गयी।

क्रमांक–21 पर अंकित कार्य के सम्बन्ध में महाप्रबन्धक, जलकल विभाग द्वारा अवगत कराया गया मा0 पार्षदों के द्वारा समय–समय पर पेयजल एवं सीवर लाइन के कार्य हेतु अनुरोध किया जाता है। जलकल विभाग की वित्तीय स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए कार्य कराया जाना सम्भव नहीं हो पाता है। उक्त के दृष्टिगत रु. 700.00 लाख आरक्षित किये जाने का प्रस्ताव है, जिससे पेयजल एवं सीवर की छोटी–छोटी समस्याओं को हल किया जा सकेगा। उक्त धनराशि के सापेक्ष कार्यों की पृथक–पृथक स्वीकृति नगर आयुक्त महोदय एवं मा0 अध्यक्ष/महापौर महोदय से प्राप्त की जायेगी। समिति द्वारा सम्यक विचारोपरान्त स्वीकृति प्रदान की गयी।

क्रमांक–4 पर अंकित कार्य के सम्बन्ध में परियोजना प्रबन्धक, वर्ल्ड बैंक इकाई, उ0प्र0 जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त क्षेत्र में अमृत कार्यक्रम के अन्तर्गत आगरा पेयजल हाउस कनेक्शन योजना (फेस–1) में जल निगम द्वारा पूर्व में विभिन्न योजनाओं/जे.एन.एन.यू.आर.एम. योजना के अन्तर्गत बिछी पाइप लाइनों से पेयजल हाउस कनेक्शन कराये गये थे, नगला हवेली, आर.के. पुरम गणेश मन्दिर के पास, टैगोर नगर, सुदामाबाग, दयानन्द नगर, तुलसीबाग, दयानन्द बाग, जागेश्वर नगर, दुर्गानगर, निराला नगर, सौरव निकुंज, पुरूषोत्तम नगर, सुधा बाग, रोशन बाग, कबीर नगर, पंजाबी बाग एवं आस–पास के मोहल्लों/कॉलोनियों में लगभग 20 वर्ष पूर्व पाइप लाइन बिछायी गयी थी। गंगाजल आने के पश्चात् जलापूर्ति के दौरान यह स्थिति सामने आयी कि क्षेत्र की अधिकांश लाइनें क्षतिग्रस्त है, जिससे आगे के क्षेत्रों में पेयजल नहीं पहुंच पा रहा है। जलापूर्ति की दृष्टि से उक्त कार्य किया जाना आवश्यक है। पूर्व में रु. 204.78 लाख का प्रस्ताव तैयार किया गया था, जिसे पुनरीक्षित करते हुए रु. 289.43 लाख का आगणन तैयार किया गया है।

समिति द्वारा सम्यक विचारोपरान्त पुनरीक्षित आगणन धनांक रु. 289.43 लाख की स्वीकृति प्रदान की गयी।



Scanned with CamScanner

क्रमांक–5 के सम्बन्ध में परियोजना प्रबन्धक, वर्ल्ड बैंक इकाई, उ0प्र0 जल निगम, आगरा द्वारा अवगत कराया गया कि सर्किट हाउस में उत्तर प्रदेश सरकार के वी.वी.आई.पी./वी.आई.पी./मा0 जनप्रतिनिधिगण आकर ठहरते है एवं महत्वपूर्ण बैठकें आयोजित होती है। सर्किट हाउस, आगरा में पेयजल व्यवस्था भूगर्भ जल पर आधारित है, भूगर्भ जल खारा होने के कारण उपयोगी नहीं है। उक्त के दृष्टिगण सर्किट हाउस में गंगाजल आधारित पेयजल व्यवस्था नितान्त आवश्यक है। परन्तु यह प्रस्ताव पूर्व में तैयार किया गया था। वर्तमान में स्मार्ट सिटी के द्वारा साइड पटरी, फुटपाथ तथा सड़क का कार्य कराया जा चुका है, जिसके कारण उक्त योजना को पुनरीक्षित किया गया है, जिसके दृष्टिगत रु. 334.42 लाख का प्रस्ताव समिति के समक्ष प्रस्तुत है।

समिति द्वारा सम्यक विचारोपरान्त पुनरीक्षित आगणन धनराशि रु. 334.42 लाख की स्वीकृति प्रदान की गयी।

उपरोक्तानुसार समिति द्वारा जलापूर्ति एवं सीवरेज व्यवस्था हेतु कुल धनराशि रु. 1804.48 लाख की स्वीकृति प्रदान करते हुए निर्देशित किया गया कि निविदा आदि की कार्यवाही पूर्ण करा ली जाये। परन्तु वर्षा ऋतु के उपरान्त ही सीवर एवं पेयजल लाइन डाले जाने का कार्य किया जा जाये।

<u>सीवर एवं पेयजल लाइन डाले जाने के उपरान्त सड़क रेस्टोरेशन का कार्य</u> :–

| क्र. सं. | कार्य का नाम | लम्बाई (मी0 में) | अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | छत्ता जोन–3 वार्ड संख्या–39 नामनेर में जोनल पम्पिंग स्टेशन से कुशवाह कुंज नामनेर तक सी0सी0 मरम्मत का कार्य। | 1620.00 | 31.03 |
| 2 | जोन–1, कक्ष संख्या 73, सिकन्दरा आवास विकास कॉलोनी सैक्टर–16 में 250 एम.एम. डी.आई. पाइप लाइन डालने के कारण क्षतिग्रस्त हॉटमिक्स की सड़क के रेस्टोरेशन का कार्य। | 2000.00 | 46.62 |
| 3 | जोन–1, कक्ष संख्या 96, भावना स्टेट गणपति अपार्टमेंट रोड़ पर 200 एम.एम. डी.आई. पाइप लाइन डालने के कारण क्षतिग्रस्त हॉटमिक्स की सड़क के रेस्टोरेशन का कार्य। | 1150.00 | 26.63 |
| 4 | जोन–1, कक्ष संख्या 92, वजीरपुरा गिहारा बस्ती में चौधरी राधारमन के भवन संख्या 23/341 से भवन संख्या 23/348 बबुआ के मकान तक एवं भवन संख्या 23/316 अब्दुल्ला के मकान से भवन संख्या 23/324 मुस्ताक के मकान तक गली में पानी की 100 एम.एम. डाया पी.वी.सी. पाइप लाइन डालने के कारण क्षतिग्रस्त सी.सी. सड़क के रेस्टोरेशन का कार्य। | 195.00 | 3.71 |
| 5 | जोन–2 कक्ष संख्या–68 टीला कालीबाड़ी जादूगर वाली गली में सी0सी0 का कार्य। | 180.00 | 3.09 |
| 6 | जोन–2 कक्ष संख्या–68 कटरा मदारी खाँ, पतली गली व शिवम वाटिका वाली गली में मकान नं0 15/380 में सी0सी0 द्वारा सड़क सुधार कार्य। | 180.00 | 3.11 |
| 7 | जोन–2, कक्ष संख्या–68 मोती कटरा, ब्रज भोग कॉर्नर, लाल दरवाजा गली में पीर बाबा दरगाह तक सी0सी0 द्वारा सड़क सुधार कार्य। | 140.00 | 2.42 |
| 8 | जोन–1, कक्ष संख्या 94, टोरेंट पावर ऑफिस रामरघु हॉस्पीटल एम.जी. रोड़ से बच्चूमल की कोठी तक 110 एम.एम. डाया पी.वी.सी. पाइप लाइन डालने के कारण क्षतिग्रस्त इंटरलॉकिंग की सड़क के रेस्टोरेशन करने का कार्य। | 380.00 | 7.33 |



Scanned with CamScanner

| क्र. सं. | कार्य का नाम | लम्बाई (मी0 में) | अनुमानित लागत (लाख में) |
| --- | --- | --- | --- |
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | जोन–1, कक्ष संख्या 94, बाग फरजाना में नवल किशोर नर्सिंग हॉस्पीटल चौराहा पर ट्रैंचलैस तकनीक से 400 एम.एम. डाया सीवर लाइन डालने के कारण क्षतिग्रस्त हॉटमिक्स की सड़क के रेस्टोरेशन करने का कार्य। | 65.00 | 3.23 |
| 10 | जोन–2 कक्ष संख्या–68 एस0एन0 मेडीकल कालेज में नई बिल्डिंग से मुख्य मार्ग के मोड़ तक सी0सी0 द्वारा सड़क सुधार कार्य। | 130.00 | 2.24 |
| 11 | जोन–2 कक्ष संख्या–68 एस0एन0 मेडीकल कालेज के मोड़ से पीपल गेट टॉयलेट तक सी0सी0 द्वारा सड़क सुधार कार्य। | 120.00 | 2.06 |
| 12 | छत्ता जोन–3 कक्ष संख्या–23 मोहनपुरा में 36/2/11बी से 36/1 मोहनपुरा में कामलेन्द्र दीक्षित के मकान तक सी0सी0 मरम्मत का कार्य। | 90.00 | 1.95 |
| 13 | जोन–1, कक्ष संख्या 81, फूल वाटिका कमला नगर में श्रीमती सुनीता अग्रवाल के निवास तक 350 एम.एम. डाया सीवर लाइन डालने के कारण क्षतिग्रस्त हॉटमिक्स की सड़क के रेस्टोरेशन का कार्य। | 300.00 | 5.18 |
| | **योग** | | **138.60** |

उपरोक्तानुसार प्रस्तावित कार्यों के सम्बन्ध में मुख्य अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि जलकल विभाग द्वारा प्रस्तावित सीवर एवं पेयजल लाइन डाले जाने के उपरान्त रेस्टोरेशन का कार्य नगर निगम द्वारा किया जाना है। उक्त के दृष्टिगत सड़क रेस्टोरेशन का कार्य प्रस्तावित किया गया है। जिन कार्यों को पृथक से नगर निगम द्वारा प्रस्तावित किया गया है, को सम्मिलित नहीं किया गया है।

समिति द्वारा सम्यक विचारोपरान्त सड़क रेस्टोरेशन हेतु तालिका में उल्लिखित 13 कार्यों धनराशि रु. 138.60 लाख की स्वीकृति प्रदान की गयी।

तदानुसार SWM/Sanitation के अन्तर्गत प्रथम किश्त एवं द्वितीय किश्त के अन्तर्गत अवशेष धनराशि रु. 7446.00 लाख के सापेक्ष सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट/लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट/ट्रायलेट वाटर सप्लाई एण्ड मैनटेनेंस हेतु धनराशि रु. 4914.85 लाख, अमृत योजना हेतु निकायांश रु. 1000.00 लाख, सीवरेज एवं जलापूर्ति व्यवस्था हेतु रु. 1804.48 लाख, सीवरेज एवं पेयजल लाइन के उपरान्त सड़क रेस्टोरेशन हेतु रु. 138.60 लाख, इस प्रकार कुल धनराशि रु. 7857.93 लाख की स्वीकृति प्रदान करते हुए समिति द्वारा अग्रेतर कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। अतिरिक्त धनराशि का समायोजना निविदा प्रक्रिया के उपरान्त निविदाऐं निम्न आने अथवा 15वें वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त होने वाली अग्रिम धनराशि से किया जायेगा।

मुख्य अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि निदेशक, स्थानीय निकाय निदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ के पत्रांक 8/3077/320/15वां वि0आ0/2020–21, दिनांक 10 नवम्बर, 2020 के द्वारा 15वें वित्त आयोग की संस्तुतियों के अन्तर्गत प्रदेश के नगरीय स्थानीय निकायों (Million Plus Cities) हेतु वर्ष 2020–21 के लिये संस्तुत अनुदान की प्रथम किश्त के रूप में नगर निगम, आगरा को धनराशि रु. 45.00 करोड़ एवं विशेष सचिव, नगर विकास अनुभाग–9, लखनऊ के पत्रांक 985/नौ–9– 2021–47ज/13, दिनांक 04.05.2021 के द्वारा रु. 45.00 करोड़, इस प्रकार कुल धनराशि रु. 90.00 करोड़ प्राप्त हुई है। उक्त धनराशि का उपभोग वित्त मंत्रालय के कार्यालय ज्ञाप संख्या–एफ.15(2)एफसी–XV–/एफसीडी/2020–25, दिनांक 01.06.2020 द्वारा निर्गत Operational Guidelines के प्राविधानों एवं पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार समय–समय पर की जा गयी संस्तुतियों/15वें वित्त आयोग के Annexure-5.5 द्वारा निर्धारित मापदण्डों के अनुसार किया जाना है।



Scanned with CamScanner

दिनांक 10.11.2020 को प्राप्त धनराशि के सापेक्ष दिनांक 17.03.2021 को मा0 महापौर महोदय की अध्यक्षता में गठित समिति के द्वारा परिचालन पद्धति से धनराशि रु. 47.15 करोड़ के कार्यों/प्रस्तावों की स्वीकृति प्राप्त करते हुए धनराशि आरक्षित की गयी थी।

आरक्षित की गयी धनराशि के सापेक्ष शहर के सड़को की रोड शोल्डरिंग, इंटरलॉकिंग टाइलों के साथ शहर की सड़कों पर घास लगाने और वर्षा ऋतु में जल संचयन, सड़कों की मार्किंग और साइनेज तथा सड़क सुदृढ़ीकरण का कार्य, शहर के अन्दर 04 स्थानों पर वर्टिकल गार्डन, 01 मशीनीकृत वर्टिकल पार्किंग एवं रिवरसाइड डवलपमेन्ट एवं अन्य क्षेत्र में वृक्षारोपण (वृक्षारोपण, बाड़ लगाना, बड़े साइज फ्लोवर पॉट आदि) कार्य के पृथक'–पृथक प्रस्ताव स्वीकृति हेतु प्रस्तुत किये जाने तथा आई0आई0टी0 कानपुर द्वारा कार्ययोजना का विकास, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के द्वारा आवश्यकतानुसार सी0एक0क्यू0एम0एस0, लैब एवं कंट्रोल रूम का सैट एप, नोइस मीटर, एक्यू टूल्स, कैपेसिटी बिल्डिंग आदि, मलका चबूतरा को विद्युत शवदाह गृह/वायु प्रदूषण नियंत्रण उपकरण की स्थापना के लिए परिवर्तित करने का कार्य तथा कार्कस उपयोग सयंत्र की स्थापना के कार्यों की स्वीकृति प्रदान करते हुए अग्रेतर कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

उपरोक्तानुसार स्वीकृत प्रस्ताव के सापेक्ष मा0 महापौर एवं उच्चाधिकारियों के द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में मलका चबूतरा शमशान घाट के कार्यों की निविदा स्वीकृत की जा चुकी है। उक्त के अतिरिक्त पूर्व में स्वीकृत कार्यों के सापेक्ष पृथक–पृथक कार्यों एवं उच्चाधिकारियों के द्वारा दिये गये निर्देशानुसार स्वीकृति हेतु प्रस्तावित कार्यों का विवरण निम्नानुसार हैः–

**<u>एयर क्वालिटी इम्प्रूवमेंट हेतु शहर की सड़को की रोड शोल्डरिंग, इंटरलॉकिंग टाइलों के साथ शहर की सड़कों पर घास लगाने और वर्षा ऋतु में जल संचयन, सड़कों की मार्किंग और साइनेज तथा सड़क सुदृढ़ीकरण का कार्य के अन्तर्गत प्रस्ताव</u> :–**

**जोन–1 :–**

| क्र. सं. | कार्य का नाम | साइड पटरी/ इण्टरलॉकिंग आदि आगणन धनांक (रु. लाख में) | हॉटमिक्स/सड़क सुदृढ़ीकरण आदि आगणन धनांक (रु. लाख में) | सड़कों की मार्किंग एवं साइनेज आदि आगणन धनांक (रु. लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | | |
| 1 | राष्ट्रीय राजमार्ग–2 से भावना स्टेट, आनन्दा अपार्टमेंट होते हुय टंकी के पास नाले तक। | 375.18 | 316.91 | 31.38 |
| 2 | राष्ट्रीय राजमार्ग–2 सिकन्दरा तिराहा से हेमा पेट्रोल पम्प तिराहा होते हुये बोदला चौराहा तक (फ्लाई–ओवर का भाग छोड़कर) | 0.00 | 234.31 | 35.48 |
| 3 | मदिया कटरा तिराहा से भावना क्लार्क होटल तिराहा तक | 123.63 | 150.29 | 26.22 |
| 4 | सिकन्दरा आवास विकास कॉलोनी सैक्टर–11 में शनिदेव मन्दिर से वैष्णवी होटल तक | 199.45 | 58.98 | 3.94 |
| 5 | सिकन्दरा आवास विकास कॉलोनी सैक्टर–4 में पुलिस चौकी से निहाल कॉम्प्लेक्स तक | 231.95 | 67.29 | 5.20 |
| 6 | सिकन्दरा आवास विकास कॉलोनी महापौर कैम्प कार्यालय से सैन्ट्रल पार्क रोड़ तक | 0.00 | 48.48 | 3.77 |
| 7 | विजय नगर पुलिस चौकी से रिंग रोड़ तक | 0.00 | 141.16 | 12.57 |
| 8 | सुल्तानगंज की पुलिया चौराहा से शान्ती नगर मोड़ तक | 0.00 | 120.41 | 12.00 |
| 9 | कमला नगर मुख्य बाजार मार्ग का सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 690.00 | 126.47 | 7.17 |



Scanned with CamScanner

| क्र. सं. | कार्य का नाम | साइड पटरी/ इण्टरलॉकिंग आदि आगणन धनांक (रु. लाख में) | हॉटमिक्स/सड़क सुदृढ़ीकरण आदि आगणन धनांक (रु. लाख में) | सड़कों की मार्किंग एवं साइनेज आदि आगणन धनांक (रु. लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | | |
| 10 | जोन–1, कक्ष संख्या 61, शारदा विहार कॉलोनी फेस–1 की आन्तरिक सड़कों पर नाली, साइड पटरी पर इंटरलॉकिंग टाइल्स एवं आर.सी.सी. द्वारा सड़क निर्माण कार्य। | 0.00 | 32.57 | 0.00 |
| 11 | जोन–1, कक्ष संख्या 61, दयालबाग मीनाबाग में मकान नम्बर 1 से मधुवन इंकलेव में मकान नम्बर 20 तक इण्टरलॉकिंग का कार्य तथा डी0ई0आई0 के सामने वाली सड़क का हॉटमिक्स द्वारा सुधार कार्य। | 15.17 | 22.96 | 3.95 |
